# मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए समन्वित प्रयास करने होंगेः राज्यपाल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

राज्यपाल ने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन और वितरण की रोकथाम में समाज के सभी वर्गों को समन्वित रूप से प्रयास करने होंगे। गांव से लेकर शहरों तक नशीली दवाओं के सेवन का बढ़ता उपयोग चिंताजनक है। सोमवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि)ने ह्यअन्तरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवसह्ल के अवसर पर छात्र-छात्राओं को नशा-मुक्ति शपथ भी दिलाई।

इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि



मादक पदार्थों व नशीली दवाओं का उपयोग समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। छोटे गांव से लेकर बड़े-बड़े महानगरों तक नशीली दवाओं के सेवन का बढ़ता उपयोग चिंताजनक है। उन्होंने का कि जिस प्रकार टेक्नोलॉजी में तीव्र गति से प्रगति हो रही है उसी प्रकार नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों का उत्पादन, प्रसारण, वितरण और सेवन भी बढ़ रहा है। नशे की रोकथाम में जनजागरूकता बेहद जरूरी है।

राज्यपाल ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति,आत्मनियंत्रण और आत्मानुशासन के बल पर नशे व मादक पदार्थों के सेवन से स्वयं को दूर रखें। नशा मुक्त समाज बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के दृढ़ संकल्प के साथ-साथ समाज के हर वर्ग का सहयोग, इसे समाप्त करने में बड़ी भूमिका निभा सकता है।उन्होंने कहा कि प्रशासन,पुलिस और नागरिक समाज को प्रतिबद्धता के साथ इसे समाप्त करने के लिए कार्य करना होगा। हमारे शिक्षक,सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक क्षेत्रों के आपसी तालमेल और समन्वित प्रयासों से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करके,नशा मुक्त समाज का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

राज्यपाल ने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अन्तरराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित आज की इस कार्यशाला में उपस्थित सभी छात्र-छात्राएं अवश्य ही एक संकल्प लेकर नशा मुक्त अभियान में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

## स्वास्थ्य सचिव ने नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

**8 नशा मुक्त उत्तराखंड बनाने के लिए हम सभी को प्रण लेना होगाः स्वास्थ्य सचिव डॉ.आर राजेश कुमार**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

स्वास्थ्य सचिव ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस के अवसर पर महानिदेशालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को नशा मुक्ति पर शपथ दिलाई।

सहस्त्रधारा रोड स्थित स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय परिसर में स्वास्थ्य सचिव डॉ.आर राजेश कुमार नशा मुक्ति पर शपथ दिलाते हुए कहा कि नशा मुक्त उत्तराखंड बनाने के लिए हम सभी को प्रण लेना होगा। नशा के लत से युवाओं के भविष्य के साथ पूरे समाज को खोखला कर देता है। आज स्वास्थ्य विभाग के लगभग



300 सौ से ज्यादा लोगों ने नशा मुक्त का प्रण लिया। इनमें से 150 लोग प्रत्यक्ष और 150 वर्चुअली जुड़े। इसी के साथ हम खुद के संकल्प के साथ समाज को भी नशा त्याग करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त उत्तराखंड को लेकर युद्वस्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसके परिणाम भी अच्छे आ रहे हैं। नशे के खिलाफ जागरूकता को लेकर पूरी कार्ययोजना तैयार है।

## हरीश रावत ने उठाया अंकिता हत्याकांड का मामला

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

इन दिनों 2016 में हुए स्टिंग आपरेशन की फांस में फंसे पूर्व सीएम हरीश रावत ने अपने प्रकरण के साथ-साथ अंकिता भंडारी हत्याकांड को भी उठाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा है कि जैसे-जैसे 2016 का प्रकरण आगे स्पष्ट होता जाएगा तो अंकिता भंडारी हत्याकांड के वीआईपी का चेहरा भी लोगों के सामने स्पष्ट होता जाएगा।

पूर्व सीएम हरीश रावत ने सोशल मीडिया में लिखा है कि अंकिता भंडारी हत्याकांड उत्तराखंड के जनमानस को उद्वेलित करने वाला हत्याकांड रहा है।

## आईडीपीएल बचाओ संघर्ष समिति और कांग्रेस ने तहसील में दिया धरना

**8 -वर्ष 2024 में कांग्रेस पूरी शिद्दत के साथ जनहित के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में होगी -हरीश रावत**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि वर्ष 2024 में कांग्रेस पूरी शिद्दत के साथ जनहित के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में होगी, वह आईडीपीएल बचाने के लिए आईडीपीएल बचाओ संघर्ष समिति और कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में 1 जुलाई को महापंचायत करेगी।

यह बात कांग्रेस के आह्वान पर आईडीपीएल बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले तहसील परिसर में



आयोजित धरने को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जब वह केंद्रीय मंत्री थे तो उन्होंने आईडी पीएल सहित देश के कई उद्योग इकाइयों को स्पेशल ग्रांट दिलवाई थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू सहित कांग्रेस द्वारा स्थापित किए गए सभी उद्योगों को बेचकर प्राइवेट हाथों में दे दिया है, जिसके कारण कुछ उद्योगपति मालामाल हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे समय में आईडीपीएल को उद्योग बढ़ाने में पुरस्कार मिला था, लेकिन आज हमें इसे बचाने के लिए लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार इस मामले में अपना पल्ला झाड़ चुकी है और आईडीपीएल को बंद कर दिया है तो मैं राज्य सरकार के मुख्यमंत्री से इस संबंध में बातचीत कर इसे पुनर्जीवित किए जाने की मांग करूंगा। वह मुख्यमंत्री कहेंगे कि प्राइवेट सेक्टर के माध्यम से इस फैक्टरी को पुनर्जीवित करें। उनका कहना था कि अब कॉन्ग्रेस भी इस लड़ाई में कूद गई है। उन्होंने कहा कि सभी को इस मामले में एकजुटता के साथ लड़ाई लड़नी होगी जो कि आईडीपीएल निवासियों की बिजली पानी नहीं कटने देने के लिए लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई के पीछे हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक को भी आगे आना होगा यह लड़ाई तभी जीत सकेंगे। जब गढ़वाल यूनिवर्सिटी की तरह इसे भी केंद्र अपने हाथों में लेकर उन्होंने 2024 के चुनाव में हम मुद्दों की लड़ाई लड़ेंगे। आज हम आज सीबीआई और ईडी से भी लड़ रहे हैं और मानवीय मुद्दों पर भी लड़ेंगे। अगर किसी की बिजली पानी काटी गई तो हम धरना देंगे।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह की अध्यक्षता मैं आयोजित धरने पर राजपाल खरोरा जयेंद्र रमोला जिला अध्यक्ष मोहित उनियाल कांग्रेस महिला मोर्चे जिला अध्यक्ष अंशुल त्यागी नगर अध्यक्ष नीलम तिवारी, सुनील कुटलैहडिया, प्रिय ढकाल, सुकुमारी,रामेस्वरी चौहान,मोंटी, मुकेश,अनिकेत, हेमंत, आशीष, संजीव, नरपत सिंह आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड : मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट, पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में बारिश की चेतावनी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

प्रदेश के मौसम विभाग ने भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी क्षेत्रों में अगले चार दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह के अनुसार सोमवार को प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में आकाशीय बिजली चमकने और भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार कई जगह भूस्खलन की आशंका है। 27 और 28 जून को उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर में बारिश का रेड अलर्ट जारी है जबकि 29 जून को प्रदेश के सभी जनपदों में भारी बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि बारिश के कारण गंगा और यमुना और टोंस नदियों का जल स्तर खतरे के निशान के आसपास पहुंच गया है। अलखनंदा और मंदाकनी नदी भी खतरे के निशान के आसपास पहुंच गई है जबकि नदी तटों को प्रतिबंधित किया गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के निदेशक का कहना है कि यात्री मौसम के रुख को देखकर आगे की यात्रा करें ताकि किसी तरह की क्षति न हो।

राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र दी गई 11 बजे तक रिपोर्ट में बताया गया है कि रविवार को बद्रीनाथ में 10037, हेमकुंड में 2991, केदारनाथ में 6940, गोमुख में 148, यमुनोत्री में 3827 कुल 28765 यात्री इन धामों में पहुंचे हैं। क्रमिक संख्या को जोड़ा जाए तो इन धामों में 3178432 यात्री पहुंच चुके हैं। बारिश के कारण फिलहाल दो दिन के लिए यात्रा रोक दी गई है।

राज्य के 19 राजमार्गों में दो राजमार्ग बंद हैं। इसी तरह 346 ग्रामीण मार्गों में 12 राजमार्ग बंद हैं, जिन्हें खोलने का काम चल रहा है।

### तपोबल से बढ़ती है साधक की आंतरिक शक्ति : विज्ञानानंद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

श्रीमद्भागवत भक्त और भगवान की कथा है, जो भक्त संपूर्ण भागवत का नियमानुसार श्रवण करता है वह नर से नारायण स्वरूप बन जाता है। उक्त उद्गार श्रीगीता विज्ञान आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने राजा गार्डन स्थित श्री हनुमान मंदिर हनुमत गौशाला में भागवत कथा की अमृत वर्षा करते हुए व्यक्त किए।

श्रीहरि के चौबीस अवतारों की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर जैसा संकट आया भगवान ने वैसा ही स्वरूप धारण कर उसका समाधान किया। चार विप्र और दो भूपों में से द्वापर के अवतारी भगवान श्री कृष्ण को श्रीहरि का संपूर्णावतारी बताते हुए कहा कि भक्तों को जिस रूप में भगवान की आवश्यकता हुई भगवान ने उसी रूप में भक्तों की सहायता की और भक्तों का सम्मान करने के लिए उन्होंने अपनी प्रतिज्ञा भी बदली।

श्रीमद्भागवत के श्रवण को जीवनोपयोगी बताते हुए उन्होंने कहा कि अहंकार व्यक्ति के पतन का कारण बनता है, तो तपोबल साधक की अंतर्शक्ति को संबल प्रदान करता है, लेकिन जो भक्त कर्म को प्रधान मानते हुए स्वयं को भगवान की शरण में ले जाता है उसके जीवन की सभी दुश्वारियां दूर हो जाती हैं। राजा परीक्षित, अश्वत्थामा, कौरव-पांडव एवं द्रोपदी के वृतांत सुनाते हुए उन्होंने कहा कि कौरव और पांडव दोनों भगवान की शरण में गए। कुंती ने भी कृष्ण की स्तुति की तो द्रोपदी ने अपने परिवार के स्थान पर भगवान श्रीकृष्ण से सहायता की गुहार लगाई। भागवत श्रोताओं को योग एवं आध्यात्मिक चेतना के प्रणेता महामंडलेश्वर स्वामी जयदेवानंद सरस्वती ने भी अपने आशीर्वचनों से अभिसिंचित किया।

### राजपुरा धोबीघाट में मौजूद ट्यूबवेल से बंद हुई पेयजल सप्लाई

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**

जल संस्थान के ट्यूबवेलों के खराब होने का सिलसिला बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। कल देर शाम राजपुरा धोबीघाट में मौजूद ट्यूबवेल सप्लाई शुरू करते ही खराब हो गया, जिससे 10 हजार की आबादी के सामने पेयजल का संकट आ गया हैं। यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने ट्यूबवेल के ठीक होने तक टैंकर से पेयजल आपूर्ति करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि पुरानी मोटरों के भरोसे चलाए जा ट्यूबवेल लगातार खराब हो रहे हैं।

## ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर अब गंगा आरती के समय सुनाई देंगे अनुराधा पौडवाल के भजन : बंशीधर तिवारी



**8 यह जानकारी मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के सचिव बंशीधर तिवारी ने दी**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड के ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों के लिए खुशखबरी है। अब उन्हें त्रिवेणी घाट पर गंगा आरती के समय विख्यात भजन गायिका अनुराधा पौडवाल के भजन भी सुनने को मिलेंगे। यह जानकारी मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के सचिव बंशीधर तिवारी ने दी।

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के सचिव तिवारी ने बताया कि देश-दुनिया से त्रिवेणी घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा के प्रति आकर्षित करने के लिए जल्द ही देश के विख्यात भजन गायिका अनुराधा पौडवाल जैसे संगीतकारों और गायकों के भजन और आरती की त्रिवेणी घाट पर शुरूआत की जाएगी। इसी के साथ रघुनाथ मंदिर में बने ऋषि कुंड का कायाकल्प कर 12 महीने जमुना जी का जल बनाए रखने के लिए साफ सफाई कर व्यवस्था की जा रही है। इसी के साथ भविष्य में त्रिवेणी घाट की पहचान बन चुके अर्जुन रथ के साथ गंगा की सुंदर मूर्ति भी स्थापित की जाएंगी, जिससे ऋषिकेश की पहचान तीर्थ नगरी के रूप में भी देश-दुनिया के लोगों के सामने जाएगी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2034 तक ऋषिकेश को महायोजना के अंतर्गत सुंदर बनाया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसके अंतर्गत आपत्तियां प्राप्त कर ब्लूप्रिंट भी तैयार किया जा चुका है। तिवारी ने कहा कि ऋषिकेश में होने वाले महा योजना के अंतर्गत विकास कार्य अनवरत रूप से जारी रहेंगे। यह सारे कार्य मंसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के अंतर्गत किए जाएंगे।

## अब 30 जून तक हो सकेंगे समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखण्ड शासन के निदेर्शानुसार सत्र 2023-24 में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नई शिक्षा नीति के तहत समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। अब प्रवेशार्थी 30 जून तक समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकेंगे।


उक्त जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा ने बताया कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक प्रवेशार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर समर्थ पोर्टल के लिंक पर जाकर अपना पंजीयन एवं फार्म भरना सुनिश्चित कर लें।

## जामुन के कारण संकट में युवक की जान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

पेड़ पर चढ़कर सुबह सवेरे जामुन तोड़ रहे युवक की जान पर बन आई। युवक अचानक से पेड़ की डाली सहित स्कूल की दीवार पर लगे सरिये पर जा गिरा, जिससे वह घंटों तक वहीं फंसा रहा। इसी बीच गंभीर हालत में युवक को देख एक पत्रकार ने उसकी जानकारी अन्य लोगों को दी। इसके बाद काफी मशक्कत कर लोहे के सरिए को काटकर युवक को बाहर निकाल 108 की मदद से रुड़की के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सोमवार की सुबह 27 वर्षीय मोहम्मद जावेद पुत्र जहीर निवासी मच्छी मोहल्ला नेहरू स्टेडियम स्थित विद्या मेमोरियल स्कूल



रुड़की में लगे पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रहा था। इसी दौरान जामुन तोड़ते हुए युवक पेड़ की डाली सहित स्कूल की दीवार पर जा गिरा। दीवार पर लोहे के नुकीले सरिए लगे हुए थे, जिसमें युवक के हाथ में सरिया घुस गया और वह कई घंटों तक वही फंसा रहा। इसी बीच पत्रकार मनीष ग्रोवर वहां से गुजर रहे थे। उनकी नजर उक्त युवक पर पड़ी। घटना की जानकारी लोगों को देने पर काफी मशक्कत के बाद युवक को सरिया काटकर वहां से निकाला गया। युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए 108 की मदद से रुड़की के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## यूट्यूब पर धोखाधड़ी करने वाले ने किया आत्मसमर्पण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

यूट्यूब चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के तीसरे सदस्य ने स्पेशल टास्क फोर्स/साइबर पुलिस स्टेशन देहरादून के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। दो आरोपितों को जयपुर से पकड़ा गया और आज तीसरे सदस्य पिन्टू मीणा निवासी ग्राम अभयपुरा पोस्ट पालावाला तहसील बस्सी जिला जयपुर राजस्थान ने खुद ही साइबर पुलिस स्टेशन देहरादून में सरेंडर कर दिया। तीसरे सदस्य को धारा 41 सीआरपीसी के तहत कानूनी कार्यवाही की गई है। पूर्व में भी



2 सदस्य को गिरफ्तारी हो चुकी है।

क्रिप्टो करेन्सी में ऑनलाइन ट्रेडिंग कर लाभ कमाने व फ्लिपकार्ट का गिफ्ट गिविंग मैनेजर बताकर यू ट्यूब चैनल्स को लाइक व सब्स्क्राइब करने के टास्क से लाभ कमाने का लालच देकर गिरोह के सदस्य धोखाधड़ी करते थे। क्रिप्टो करेन्सी में ऑनलाइन ट्रेडिंग कर लाभ कमाने की बात कहते हुए टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भिन्न-भिन्न वेबसाइट के लिंक भेजकर निवेश व टास्क करने के लिए आपराधिक षडयन्त्र रचते थे। क्रिप्टो करेन्सी में निवेश के नाम पर भिन्न-भिन्न तिथियों में भिन्न भिन्न लेन देन के माध्यम से ऑनलाइन कुल 13 लाख 11 हजार 900 सौ रुपये धोखाधड़ी की गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ उत्तराखण्ड आयुष अग्रवाल ने जनता से अपील की है कि ऐसे यूट्यूब लाइक/सब्सक्राइब साइबर अपराध का एक नया चलन है। वे किसी भी प्रकार के लोक लुभावने अवसरों/फर्जी साइट/धनराशि दोगुना करने व ऑनलाइन बिजली के बिल का भुगतान करने वाले व्यक्तियों से सावधान रहें। किसी भी प्रकार के ऑनलाइन भुगतान करने से पूर्व उक्त साइट का पूर्ण वेरीफिकेशन स्थानीय बैंक, सम्बन्धित कम्पनी आदि से भली भांति इसकी जांच पड़ताल अवश्य करा लें।

गूगल से किसी भी कस्टमर केयर नम्बर सर्च न करें। वित्तीय साइबर अपराध घटित होने पर तुरन्त 1930 नम्बर पर सम्पर्क करें।

## जी-20: इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यसमिति की तीन दिवसीय बैठक नरेंद्र नगर में शुरू

**देहरादून/नरेन्द्र नगर/टीम एक्शन इंडिया**

जी-20 इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यसमिति की तीसरी तीन दिवसीय बैठक उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले के नरेंद्र नगर में सोमवार से शुरू हो गई है। बैठक में जी-20 देशों के अलावा आठ आमंत्रित देशों के प्रतिनिधि और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित कुल 63 भाग ले रहे हैं। इसमें भविष्य के टिकाऊ शहरों का रोडमैप के साथ ढांचागत विकास की विभिन्न कार्य धाराओं की दिशा की ठोस प्रगति पर चर्चा की जाएगी।

सोमवार को नरेंद्र नगर स्थित होटल वेस्टर्न रिसॉर्ट एंड स्पा हिमालयाज में जी-20 इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य समूह की तीसरी बैठक




(26,27,28 जून ) तीन दिन तक होगी। इसमें जी-20 देशों के अलावा आठ आमंत्रित देशों के प्रतिनिधि और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित कुल 63 भाग ले रहे हैं। इनमें से जी-20 देशों में से 16 देशों के प्रतिनिधि यहां पहुंचे चुके हैं जबकि चार देशों के प्रतिनिधि आनलाइन माध्यम से बैठक से जुड़ रहे हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव सोलोमन अरोकियाराज ने बताया कि ढांचागत विकास कार्य समूह की तीसरी बैठक के पहले दिन शहरों में मूलभूत ढांचागत विकास पर चर्चा हो रही है। एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट बैंक के साथ साझेदारी में शहरों के ढांचागत विकास पर चर्चा होगी। इसमें भविष्य के शहरों का समावेशी विकास, प्रौद्योगिकी, इंफ्राटेक और डिजिटलीकरण की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। प्रतिनिधि इंडोनेशिया में दुनिया के सबसे महत्वाकांक्षी शहरों में से एक नए शहर नुसंतारा के विकास के मॉडल को समझेंगे। कैसे हम अपने भविष्य के शहरों का विकास करें कि इसमें रहने वाले लोगों को समान रूप से सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा शहरों के ढांचागत विकास में सरकार के अतिरिक्त निजी संस्थाओं की भागीदारी बढ़ाने और उनका योगदान सुनिश्चित करने और प्राकृतिक चुनौतियों से लड़ने के लिए आपसी सामंजस्य पर मंथन किया जाएगा। इस बैठक के दौरान प्रतिनिधियों को उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति और विरासत से जोड़ने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय व्यंजनों का स्वाद भी लेंगे। उत्तराखंड सरकार की ओर से रात्रि भोज व संवाद भी आयोजित होगा।

प्रतिनिधि 28 जून को टिहरी जिले के मॉडल विलेज ओणी गांव का दौरा करेंगे। साथ ही मेहमानों को ऋषिकेश के आध्यात्मिक वातावरण और प्राकृतिक छटा का अनुभव भी करवाया जाएगा।

## स्कूल में चोरी का खुलासा, 02 नशेड़ी दबोचे

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

कनखल थाना क्षेत्र स्थित एक प्राइमरी स्कूल से चोरी करने के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी किया सामान भी बरामद कर लिया है। आरोपितों में से एक स्कूल का पूर्व छात्र है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है। शनिवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय जियापोता के प्रधानाध्यापक परमवीर सिंह ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध स्कूल की दीवार तोड़ कर राशन, बर्तन सहित स्कूल का काफी सामान चोरी करने के संबंध में थाना कनखल पर में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस के लिए सरदर्द



बनी इस चोरी का खुलासा तब हुआ जब दोनों आरोपित चोरी किए गए सामान में से चावल बेचने की फिराक में गांव-गांव घूम रहे थे। कनखल पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक एवं मैन्युअल पुलिसिंग के आधार पर दोनों आरोपितों नौशाद ग्राम जियापोता थाना कनखल जनपद हरिद्वार और सूरज निवासी ग्राम जीयापोता थाना कनखल हरिद्वार को दबोचकर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के चोरी किए गए राशन एवं अन्य सामान चावल, थाली, गिलास, चम्मच, बच्चों के झूले, भगोने व घटना में प्रयुक्त रेडा बरामद कर लिया।पकड़ा गया आरोपित शातिर नौशाद कक्षा दो तक इसी स्कूल में पढ़ा था और स्कूल के आने-जाने, खुलने-बंद होने के समय के बारे में अच्छी जानकारी रखता था। नौशाद ने 2 साल पहले भी इसी स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उसके बाद भी चोरी के प्रयास किए पर सफल नहीं रहा। इस कारण स्कूल प्रशासन पूछताछ में बताया कि दोनों आरोपित नशे के आदी है और अपने खर्चे के लिए चोरी को अपनी आदत बना लिया।

# मुख्यमंत्री आवास पर लोकतंत्र सेनानी सम्मानित

### 8 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी लोकतंत्र सेनानियों को अंग वस्त्र और पुष्प देकर सम्मानित किया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री आवास पर सोमवार को लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी लोकतंत्र सेनानियों को अंग वस्त्र और पुष्प देकर सम्मानित किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि आज उन्हें राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान भारत के लोकतंत्र की रक्षा करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों द्वारा किये गए त्याग और बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता।सम्मान समारोह के अवसर पर महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विश्व संवाद केन्द्र के निदेशक विजय समेत भारी संख्या में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने बढ़ाई लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान राशि

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने सेनानियों का सम्मान करते हुए कहा कि लोकतंत्र सेनानियों का मानदेय 16 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये किया गया है।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आपातकाल के दौरान उत्तराखण्ड के लोकतंत्र सेनानियों के योगदान की सभी को जानकारी हो सके, इसके लिए व्यवस्था बनाई जायेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों द्वारा ने जो भी मांग पत्र दिया है, उन पर पूरी गम्भीरता से कार्य किये जायेंगे।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि आज उन्हें



राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान भारत के लोकतंत्र की रक्षा करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों द्वारा किये गए त्याग और बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता। जब आपातकाल लगाया गया तो उसका विरोध सिर्फ राजनैतिक लोगों तक सीमित नहीं रहा बल्कि उस समय जन-जन के मन में आक्रोश था।
उन्होंने कहा कि सामान्य जीवन में लोकतंत्र का क्या वजूद है, वह तब पता चलता है जब कोई लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन लेता है। आपातकाल में देश के सभी लोगों को लगने लगा था कि उनका सब कुछ छीन लिया गया है। इसके लिए लखनऊ विवि, बीएचयू और इलाहाबाद विवि सहित अन्य विश्वविद्यालयों के छात्रों का संयुक्त संघर्ष मोर्चा बना, जिसे लोकनायक जयप्रकाश नारायण सहित उस समय के बड़े नेताओं नानाजी देशमुख, अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना समर्थन दिया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने संपूर्ण विश्व में अपनी क्षमता को साबित कर दिखाया है। आज उनके कुशल नेतृत्व प्रत्येक भारतीय को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है, चाहे वह दलित हो, महिला हो, किसान हो, दिव्यांग हो या फिर युवा हो। देश में हर वर्ग को सशक्त बनाया जा रहा है।

# नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत हुई पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ 12 से 26 जून तक चमोली पुलिस की ओर से आयोजित जागरूकता अभियान के तहत ऑनलाइन निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता की गई। इसमें विजेता प्रतिभागियों को पुलिस की ओर से सोमवार को पुरस्कृत किया गया।
पुलिस की ओर से नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कालेज गमशाली छिनका की सृष्टि राणा प्रथम, देव भूमि एकेडमी की दीक्षा नेगी द्वितीय क्राइस्ट एकेडमी की अनुष्का तीसरे स्थान पर रही जबकि निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय तलवाडी की मोनिका चंदोला प्रथम, उत्तराखंड पब्लिक स्कूल गोपेश्वर की आस्था नेगी द्वितीय तथा महाविद्यालय गोपेश्वर की साक्षी बत्र्वाल तृतीय रही। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेंद्र डोबाल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# बोल्डर से नंदप्रयाग-घाट मोटर मार्ग बाधित

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
नंदानगर (घाट) विकास खंड मुख्यालय को जोड़ने वाला नंदप्रयाग-घाट मोटर मार्ग सोमवार को नंदप्रयाग से कुछ आगे पहाड़ी से भारी बोल्डर आने के कारण अवरूद्ध हो गया है। इसके चलते वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है।
चमोली जिले में रविवार की रात्रि और सोमवार को रुक-रुक कर हो रही वर्षा के चलते नंदप्रयाग-घाट मोटर मार्ग नंदप्रयाग के कुछ आगे पहाड़ी से भारी बोल्डर और मलबा आने के कारण अवरुद्ध हो गया है।
इसके कारण घाट मुख्यालय को जोड़ने वाला एक मात्र मोटर मार्ग बंद हो गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही भी बंद हो गई है।



हालांकि लोनिवि की ओर से सड़क मार्ग को खोलने का कार्य आरंभ कर दिया है लेकिन भारी मात्रा में मलबा और भारी बोल्डर आने से मार्ग खुलने में समय लग रहा है।

## भारी बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा पर शासन ने लगाई रोक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारी बारिश के कारण उत्तराखंड शासन ने केदारनाथ यात्रा पर रोक लगा दी है। यह जानकारी प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट कर दी है।मुख्यमंत्री धामी ने केदारनाथ यात्रा पर अगले आदेश तक लगी रोक के बारे में सोशल मीडिया पर अपने ट्वीट में कहा है कि भारी बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा अगले आदेश तक रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा है कि यात्रियों के जानमाल की रक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है कि भारी बारिश के दिनों में यात्रा स्थगित रखी जाए।

# नशामुक्त अभियान के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने के लिए नशा मुक्त भारत अभियान के तहत यात्रा निकाली गई।
इसी संबंध में अभिनव चौधरी के पर्यवेक्षण में एएनटीएफ टीम द्वारा एनसीबी देहरादून, एएनटीएफ टीम/ एसटीएफ, मुख्य शिक्षा अधिकारी, स्कूलों के शिक्षक व शिक्षिकाएं के साथ संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें आम जनमानस को एनसीसी, एनएसएस व स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव एवं युवाओं में बढ़ते हुए नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश



लगाए जाने के उद्देश्य से गांधी पार्क से रैली निकाल कर जनपद देहरादून में वृहद जागरूकता अभियान चलाया गया। गांधी पार्क में एनसीसी, एनएसएस, स्कूलों के छात्र छात्राओं को नशे के विरुद्ध शपथ दिलवाई गई।
इस अवसर पर एनटीएफ के विनोद सिंह राणा, प्रेरणा चौधरी, मनोज शर्मा भी उपस्थित थे।पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर और पुलिस अधीक्षक अपराध सर्वेश पंवार के निर्देशन में 26 जून को अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स दिवस के उपलक्ष्य में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मनाए जाने का निर्णय लिया गया था।

## न्यूज फ्लैश

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया एक्सिस निफ्टी आईटी इंडेक्स फंड

**देहरादून।** भारत में सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपने नए फंड ऑफर - एक्सिस निफ्टी आईटी इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह निफ्टी आईटी टीआरआई पर नजर रखने वाला एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है। हितेश दास (फंड मैनेजर) फंड का प्रबंधन करेंगे। एक्सिस निफ्टी आईटी इंडेक्स फंड निफ्टी आईटी टीआरआई को ट्रैक करेगा और ट्रैकिंग त्रुटियों के अधीन, निफ्टी आईटी टीआरआई के कुल रिटर्न के अनुरूप खर्चों से पहले रिटर्न प्रदान करने का लक्ष्य रखेगा। न्यूनतम निवेश राशि रुपए 5,000 और उसके बाद 1/- रुपए के गुणकों में किया जा सकेगा। इंडेक्स फंड का मुख्य उद्देश्य पोर्टफोलियो के संदर्भ में स्टॉक मार्केट इंडेक्स को दोहराना है। निवेश पोर्टफोलियो में इन सूचकांकों के सभी शेयरों को कुछ प्रतिनिधित्व मिलेगा। अनिवार्य रूप से, यह ट्रैक किए जा रहे सूचकांक के समान प्रदर्शन सुनिश्चित करता है। इंडेक्स फंड के भीतर, निवेशकों के पास उस विशेष क्षेत्र में प्रदान किए गए विकास के अवसर को भुनाने के उद्देश्य से कुछ सेक्टर आधारित इंडेक्स फंड में भी निवेश करने का विकल्प होता है। जैसा कि हम सभी जानते हैं, आज टैक्नोलॉजी सभी व्यवसायों, सभी क्षेत्रों के लिए एक केंद्र बिंदु है। सभी संगठन, बड़े या छोटे, नए युग की तकनीक जैसे क्लाउड कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, ऑगमंटेड रियलिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के माध्यम से अपने व्यवसाय को नया आकार दे रहे हैं और तेजी ला रहे हैं। नतीजतन, इस क्षेत्र में आम तौर पर उम्मीद से बेहतर मांग देखी जा रही है।

### श्री गुरु पूर्णिमा विशेष: जानिए गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा क्यों कहा जाता है

**देहरादून।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से जारी इस लेख में व्यास पूर्णिमा के बारे में बताया गया है कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा क्यों कहा जाता है। शताब्दियों पूर्व, आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को महर्षि वेद व्यास जी का अवतरण हुआ था। वही वेद व्यास जी, जिन्होंने वैदिक ऋचाओं का संकलन कर चार वेदों के रूप में वर्गीकरण किया था। 18 पुराणों, 18 उप-पुराणों, उपनिषदों, ब्रह्मसूत्र, महाभारत आदि अतुलनीय ग्रंथों को लेखनीबद्ध करने का श्रेय भी इन्हें ही जाता है।व्यास जी के लिए प्रसिद्ध है- व्यासोच्छिष्टम् जगत सर्वम् अर्थात ऐसा कोई विषय नहीं, जो महर्षि वेद व्यास जी का उच्छिष्ट या जूठन न हो। ऐसे महान गुरुदेव के ज्ञान-सूर्य की रश्मियों में जिन शिष्यों ने स्नान किया, वे अपने गुरुदेव का पूजन किए बिना न रह सके। अब प्रश्न था कि पूजन किस शुभ दिवस पर किया जाए। एक ऐसा दिन जिस पर सभी शिष्य सहमत हुए, वह था गुरु के अवतरण का मंगलमय दिवस।

# महापौर की अगुवाई में जी-20 कार्यक्रम को लेकर निकाली गई उत्साह रैली

### 8 -तीर्थ नगरी को संवारने में तमाम विभागों का रहा सार्थक सहयोग : अनिता ममगाई

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
जी-20 समिट के तहत नगर की हृदयस्थली त्रिवेणी घाट पर होने वाली सांध्य आरती को लेकर महापौर की अगुवाई में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों और शहर के व्यापारियों ने उत्साह रैली निकाली।
सोमवार की दोपहर खराब मौसम के बावजूद नगर निगम से गंगा तट त्रिवेणी घाट पर ढोल नगाड़ों के



साथ निकली उत्साह रैली में शामिल तमाम लोग जोश और उत्साह से लबरेज नजर आये। रैली में देश भक्ति के बज रहे गीतों ने जहां माहौल राष्ट्रीय पर्व सरीखा बना रखा था वहीं जी-20 समिट से जुड़ी तस्वीरों को तख्तियों में लगाकर हाथों में उठाए लोग एहसास करा रहे थे, कि जिस ऐतिहासिक दिन का इंतजार पूरे शहर को है, वो समय अब बेहद निकट आ चुका है।
अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त धार्मिक और पर्यटन नगरी ऋषिकेश में पहाड़ी अचंलों के साथ झमाझम बारिश का दौर पिछले तीन दिनों से जारी है। इसके बावजूद जी-20 समिट के लिए साध्य आरती के जरिए विदेशी डेलीगेट्स की मेजबानी के मौके को लेकर उत्साह अपने चरम पर है। इसकी झलक सोमवार की दोपहर नगर निगम महापौर की अगुवाई में निकली उत्साह रैली में साफतौर पर देखने को मिली।
महापौर अनिता ममगांई ने बताया कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इन्द्र देव की कृपा से मौसम का मिजाज बदलेगा और त्रिवेणी घाट पर विदेशी मेहमानों के लिए आयोजित होने वाली दिव्य आरती का कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न होगा। उन्होंने देवभूमि में होने वाले कार्यक्रम के लिए महज बीस दिनों के भीतर विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दिनरात युद्धस्तर पर काम करने वाले तमाम विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की भी मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि हौसले बुलंद हों तो हर मुश्किल चुनौतियों से भी पार पाया जा सकता है। कार्यक्रम के लिए निखर कर सामने आयी तीर्थ नगरी इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कार्यक्रम के लिए व्यापारी नेताओं सहित आम जनता का आभार भी जताया।

## नियम विरुद्ध प्रोन्नतियों का कार्य कर रहे हैं कुलपति सुनील जोशी'

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विवादों का पर्याय बना आयुर्वेद विश्वविद्यालय उत्तराखंड लगातार अपनी कारगुजारियों से चचाओं में बना हुआ है। इसका कारण मात्र दो-ढाई महीने कार्यकाल रहने के बाद भी कुलपति सुनील जोशी शासकीय निर्देशों के विरुद्ध निर्णय ले रहे हैं।
इसका ताजा तरीन प्रकरण उच्च न्यायालय में योजित अवमानना वाद संख्या 310/2022 है, जिसकी सुनवाई में कुलपति द्वारा न्यायालय को यह जानकारी दी गई थी कि उनके कार्यकाल का तीन माह से कम समय रह गया है।

# नशा निषेध दिवस पर छात्रों ने ली नशा न करने की शपथ

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के मौके पर सोमवार को महाविद्यालय गोपेश्वर तथा चमोली पुलिस के पुलिस कर्मचारियों नशा न करने की शपथ ली।
समाज से नशा जैसी बुराई को खत्म करने के लिए चमोली पुलिस की ओर से 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ पखवाड़ा अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस की ओर से तमाम थाना क्षेत्रों के अधिकतर गांव में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए गए।



जागरूक करने के लिए विशेष तौर पर कैंप लगाए गए, नुक्कड़ सभाएं की गई और नाटक मंचन किए गए। जिससे चमोली पुलिस ने हजारों लोगों तक नशा न करने और नशा तस्करी की सूचना पुलिस को देने का संदेश पहुंचाया।
पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल ने कहा कि नशे के खिलाफ पखवाड़ा जागरूकता अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस जागरूकता अभियान में आमजन ने भी जिला पुलिस का भरपूर सहयोग दिया और अपने क्षेत्र और गांव में नशे जैसा काम न होने देना और नशे की सूचना पुलिस को देने का भी आश्वासन दिया गया।दूसरी ओर सोमवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में एंटी ड्रग डे मनाया गया। तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता मीना तिवारी ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान के तहत ड्रग न लेने की शपथ दिलाई।

# पोखरी बीडीसी बैठक: जिला स्तरीय अधिकारियों के न पहुंचने पर किया प्रतिनिधियों ने बहिष्कार



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी ब्लॉक सभागार में सोमवार को बीडीसी की बैठक आहूत की गई थे। इसमें क्षेत्र के क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान मौजूद थे, लेकिन जिला स्तरीय अधिकारियों के बैठक में न पहुंचने पर नाराज बीडीसी सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।
सोमवार को पोखरी के ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों की बैठक का ब्लाक प्रमुख प्रीति भंडारी की अध्यक्षता और उपजिलाधिकारी संतोष कुमार पांडे की मौजूदगी आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह ने पिछली कार्रवाई पढ़कर सुनाई और इसकी पुष्टि की। उसके बाद बैठक में जिलास्तरीय अधिकारियों के न पहुंचने पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों ने बैठक का बहिष्कार किया और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।
ब्लाक प्रमुख प्रीति भंडारी और प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष धीरेंद्र राणा ने आरोप लगाते हुए कहा जिलास्तरीय अधिकारियों के न पहुंचने के कारण किसी भी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की ओर से क्षेत्र पंचायत की बैठकों को इस प्रकार से हल्के में लिया जा रहा है जो सरासर गलत है। उन्होंने क्षेत्र की तमाम ऐसी समस्याएं हैं, जिनका निवारण जिला स्तर पर ही संभव ऐसे में यदि जिला स्तरीय अधिकारी बैठक में नहीं आते है तो क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कैसे हो पायेगा। इसके कारण क्षेत्र पंचायत सदस्यों सर्वसमिति से क्षेत्र पंचायत बैठक का पूर्ण बहिष्कार किया।इस मौके पर ग्राम प्रधान वीरेंद्र राणा, धीरेंद्र राणा, सज्जन सिंह, राधा रानी रावत, पुष्पा चैधरी, देवेंद्र लाल, प्रेम सिंह, सलमा बेगम, ललित मिश्रा, सुभाष रावत, माहेश्वरी रावत आदि मौजूद थे।

# नेताओं के आपसी वाद-विवाद से कांग्रेस में फिर उठा पटक जारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की राजनीति में इन दिनों स्टिंग आपरेशन कांड को लेकर कांग्रेस में सिर फुटौव्वल जारी है। कांग्रेस के नेता अपने अतीत से कुछ भी सबक लेने को तैयार नहीं है। पूर्व सीएम हरीश रावत और डॉ. हरक सिंह के बीच हरिद्वार सीट पर दावेदारी को लेकर जिस तरह का वाक युद्ध जारी है, उसे लेकर कांग्रेस में तमाम तरह की चचाएं चल रही हैं।
गत दिनों पत्रकार वार्ता में डॉ. हरक सिंह ने हरीश को राम और स्वयं को भरत बताते हुए कहा था कि वह कलयुग के राम हैं। उन्हें भरत के त्याग करने का उपदेश भी डॉ. हरक ने दिया था जिस पर अब हरीश रावत कोई जवाब देने को तैयार नहीं है और सिर्फ



नो कमेंट कहकर बचने की कोशिश में लगे हैं। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब लोकसभा चुनाव की तैयारियों का दौर चल रहा है। भाजपा के अध्यक्ष, महामंत्री, सरकार के तमाम मंत्री और विधायक और नेता महा जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। 2016 के स्टिंग ऑपरेशन के मामले में सीबीआई कोर्ट द्वारा इससे जुड़े नेताओं की आवाज का सैंपल लेने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।
कांग्रेस में सर्वकालिक मतभेद और मनभेद दून होने की संभावना दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रही है। कई धड़ों में बटी कांग्रेस के इन नेताओं के बीच जिस तरह से बारी-बारी से वाक युद्ध की स्थिति देखी जा रही है वह कांग्रेस के लिए घातक है। पूर्व प्रदेश एवं नेता प्रतिपक्ष रहे प्रीतम सिंह और वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के बीच भी पिछले दिनों काफी वाकयुद्ध हुआ। इसी कड़ी में प्रीतम सिंह और हरीश रावत के बीच भी आपस में बातचीत हुई, जिसे अच्छा नहीं माना जा सकता। कुछ इसी तरह की अदावत वर्तमान में भी देखी जा रही है। हरीश रावत और हरक सिंह का संवाद राजनीतिक चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि गाहे-बगाहे यह नेता आपसी एकता के प्रदर्शन के लिए एक मंच पर एक साथ खड़े दिखाई दे, लेकिन ऐसा है नहीं। हरीश रावत भले ही सबसे बुजुर्ग और तजुबेर्कार नेता हों, लेकिन पार्टी में उनका लंबे समय से विरोध हो रहा है। कई कांग्रेसी नेता पार्टी के वर्तमान हालात के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराते रहे हैं,
हालांकि वह सूबे की राजनीति में अपनी सक्रियता बनाए हुए हैं। पार्टी प्रभारी को लेकर भी पार्टी के नेताओं के बीच भारी द्वंद की स्थिति रही है। सवाल यह है कि कांग्रेस नेताओं को यह कब समझ आएगा कि भाजपा को उनके मतभेद और मनभेदों का ही लाभ मिल रहा है।
इसी बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी टिप्पणी देते हुए कहा है कि आवाज का सैंपल लेना जांच एजेंसी का काम है, लेकिन सच तो यही है कि जब आपने कुछ गलत किया ही नहीं है तो फिर डर किस बात का है। मुख्यमंत्री धामी की इस चुटकी पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि मैं उन्हें कहां से डरा हुआ लग रहा हूं। डर तो भाजपा रही है स्टिंग और उसके बाद के घटनाओं का सच सामने आने दो। कुछ लोग इसके समय को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं और इसे राजनीति से प्रेरित बता रहे हैं।

